दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com रांची, मंगलवार, 21 जनवरी 2020 माघ, शुक्ल पक्ष, दशमी, विक्रम संवत-2075, वर्ष-04, अंक-206, पृष्ठ-12, मूल्य-3.00, रांची (झारखंड), बिलासपुर-रायपुर (छत्तीसगढ़) एवं भोपाल (मध्यप्रदेश) से एक साथ प्रकाशित

न्यूज गैलरी

सिर्फ परीक्षाओं के अंक ही नहीं हैं जिन्दगी : परीक्षा पे चर्चा में बोले मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के तालकटोरा इनडोर स्टेडियम में आयोजित परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम को संबोधित किया। सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को नए साल की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि 2020 सिर्फ नया वर्ष नहीं है, बल्कि ये नया दशक भी है। ये दशक आपके लिए जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही देश के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। इस दशक में देश जो भी करेगा। उसमें इस समय 10वीं, 12वीं के जो छात्र हैं, उनका बहुत योगदान रहेगा। पीएम मोदी ने आगे कहा कि अगर कोई मुझे कहे कि इतने कार्यक्रमों के बीच वो कौन सा कार्यक्रम है जो आपके दिल के सबसे करीब है, तो मैं कहूंगा वो कार्यक्रम है परीक्षा पे चर्चा। मुझे इस कार्यक्रम में बहुत आनंद की अनुभूति होती है। युवा मन क्या सोचता है, क्या करना चाहता है, ये सब मैं भली-भांति समझ पाता हूं। उन्होंने कहा कि जैसे आपके माता-पिता के मन में 10वीं, 12वीं को लेकर टेंशन रहती है, तो मुझे लगा आपके माता-पिता का भी बोझ मुझे हल्का करना चाहिए। मैं भी आपके परिवार का सदस्य हूं, तो मैंने समझा कि मैं भी सामूहिक रूप से ये जिम्मेदारी निभाऊं।

मोदी ने किया चंद्रयान-2 का जिक्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-2 की विफलता का जिक्र करते हुए कहा कि विफलता दिखाती है कि आप सफलता की ओर बढ़ गए है। इसी के साथ प्रधानमंत्री ने चंद्रयान-2 की लॉन्चिंग के समय इसरो मुख्यालय में बिताए अपने अनुभव का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मैं वहां मौजूद था। मुझे कुछ लोगों ने कहा कि मुझे वहां नहीं जाना चाहिए, क्योंकि मिशन की सफलता की कोई गारंटी नहीं है।

हेमंत सोरेन की बिजली मेंटेनेंस में सहयोग की अपील, 2 दिन के कार्य के बाद पूर्ण सुधार का वादा



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य की आम जनता से बिजली मेंटनेंस के कार्य में सहयोग की अपील की है। उन्होंने दो कार्य दिवस के बाद पूर्ण सुधार का वादा आम लोगों से किया है। ट्विटर पर एक्टिव मुख्यमंत्री ने लिखा है कि पूरे राज्य में 154 करोड़ रुपये की लागत से राज्य के सभी ग्रिडों के मेंटेनेंस एवं अपग्रेडेशन का कार्य चल रहा है। इसके कारण आप सब को थोड़ी असुविधा उठानी पड़ रही है।

जनता द्वारा नकारे गए लोग झूठ फैला रहे : मोदी

नई दिल्ली। बीजेपी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के स्वागत में पार्टी मुख्यालय में हुए समारोह में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर तीखे हमले बोले। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा नकारे जा चुके लोगअब झूठ और भ्रम को हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। सीएए को लेकर जारी विरोध-प्रदर्शनों की तरफ इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, नकारे गए लोग भ्रम फैला रहे हैं, लेकिन लोगों का भरोसा डिगा नहीं है। उनका झूठ चलता रहेगा और हम भी चलते रहेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वागत भाषण में नड्डा को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विपक्ष को जनता ने नकार दिया है और अब उन्होंने झूठ और भ्रम को हथियार बना लिया है। उन्होंने कहा, हमारे लिए और सक्रियता की आवश्यकता है, जन-जन तक पहुंचने की आवश्यकता है। नकारे गए लोग भ्रम फैला रहे हैं, लेकिन लोगों का भरोसा डिगा नहीं है। उनका झूठ चलता रहेगा और हम भी चलते रहेंगे।

विपक्ष पर वार- झूठ और भ्रम फैला रहे नकारे जा चुके लोग

पीएम मोदी ने कहा, चुनावी राजनीति में जनता ने जिन्हें नकार दिया, उनके पास अब बहुत कम शस्त्र बचे हैं। इनमें है झूठ फैलाना, बार-बार झूठ फैलाना। यह हम लगातार देख रहे हैं। उन्होंने कहा, जनता ही हमारी ताकत है। उसी शक्ति ने पहली बार किसी गैर-कांग्रेसी पार्टी को पूर्ण बहुमत दिया और दोबारा उससे भी मजबूत बहुमत देकर चुना।

नड्डा पर हिमाचल से ज्यादा बिहार के लोगों का हक : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा, हिमाचल के लोगों को लगता होगा कि हिमाचल का एक बेटा आज बीजेपी का अध्यक्ष बना है लेकिन नड्डा जी पर जितना हक हिमाचल का है, उतना ही बिहार का भी है। नड्डाजी की पढ़ाई लिखाई बिहार से हुई है। उन पर बिहार ज्यादा गर्व कर रहा होगा। हिमाचल तो गर्व कर सकता है कि अटलजी भी उन्हीं के थे। मेरे जीवन का सबसे ऊर्जा भरे दिन हिमाचल के ही थे।

लंबे वक्त तक नड्डा के साथ काम करने का मौका मिला : पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें जेपी नड्डा के साथ लंबे वक्त तक काम करने का अनुभव है। उन्होंने कहा, मुझे लंबे वक्त तक हिमाचल में काम करने का मौका मिला। मैं पार्टी का जब संगठन देखता था तो नड्डा युवा मोर्चा का काम देखते थे।

पीएम मोदी ने कहा, भारतीय जनता पार्टी की विशेषता रही है कि पार्टी चले लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार को मजबूती मिलती रहे। हम सदियों तक मां भारती की सेवा करने के लिए आए हैं। जिन आशाओं और आकांक्षाओं के साथ इस दल का जन्म हुआ है, उनको पूरा किए बिना चैन से नहीं बैठना है।

पीएम मोदी ने अमित शाह की खुलकर की तारीफ

बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह की तारीफ करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने पार्टी को बहुत मजबूती दी। उन्होंने कहा, राजनीतिक दल के लिए सत्ता में रहते हुए, संघर्ष करना मुश्किल होता है लेकिन बीजेपी के सत्ता में रहते हुए अमित शाह ने पार्टी का विस्तार किया है जो बहुत बड़ी बात है।

सरकार और दल के बीच की लकीर को खत्म नहीं होने देंगे

पीएम मोदी ने कहा, हम किसी भी हालत में सरकार और दल के बीच की जो लकीर है उसे कभी भी खत्म नहीं होने देंगे। जो आवश्यक मर्यादाएं हैं, उनका पूरी तरह पालन करेंगे। उन्होंने कहा, राजनीतिक दलों के लिए चुनाव अब लगातार चलने वाली प्रक्रिया हो गई है। आम तौर पर हमारी पार्टी का विस्तार संघर्ष और संगठन इन दो पटरियों पर हुआ है। देशहित की समस्याओं को लेकर संघर्ष करना और संगठन को बढ़ाते रहना यही कार्यकर्ताओं का मंत्र रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा, राजनीति में जिन आदर्शों और मूल्यों को साथ लेकर हम चले थे, जिनके लिए 4-4,5-5 पीढ़ी खप गई थी, आज उन्हीं आदर्शों और मूल्यों को लेकर बीजेपी राष्ट्र की आशा और आकांक्षाओं के अनुरूप खुद को ढालेगी और विस्तार करेगी।

नड्डा ने पैर छूकर लिया आडवाणी, जोशी का आशीर्वाद

बीजेपी का निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर जगत प्रकाश नड्डा का दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में स्वागत किया गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व बीजेपी अध्यक्ष और गृह मंत्री अमित शाह, लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी समेत तमाम दिग्गज मौजूद रहे। नड्डा ने पैर छूकर आडवाणी और जोशी का आशीर्वाद लिया।

भगवा पार्टी के नए भाग्य विधाता बने जेपी नड्डा, अमित शाह की जगह ली

नई दिल्ली। जेपी नड्डा को भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। नड्डा का चयन निर्विरोध हुआ है। नड्डा के नाम की घोषणा निर्वाचन अधिकारी राधामोहन सिंह ने किया। जेपी नड्डा ने अमित शाह की जगह ली। आज सुबह ही नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन के लिए प्रकियाएं शुरू की गई थी। अब तक जेपी नड्डा कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे थे।

मौजूदा समय में गृह मंत्री का उत्तरदायित्व निभा रहे शाह ने साढ़े पांच वर्षों तक भाजपा अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाई और उनके अध्यक्ष रहते 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की और पूरे देश में पार्टी का विस्तार हुआ। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं शाह, राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी तथा कई मुख्यमंत्रियों एवं नेताओं ने सोमवार को नामांकन की प्रक्रिया के दौरान नड्डा के नाम का प्रस्ताव किया। नड्डा के अध्यक्ष बनने के बाद अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा मुख्यालय में उनका अभिनंदन करेंगे और फिर दोनों नेता भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे।

भाजपा नेताओं ने जे पी नड्डा की ''सादगी'' की प्रशंसा करते हुए विश्वास जताया कि उनके विशाल संगठनात्मक अनुभव का पार्टी को लाभ मिलेगा और उनके नेतृत्व में पार्टी अच्छा काम करेगी। केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि वह हमेशा एक ''प्रेरक'' कार्यकर्ता रहे हैं।

हेमंत सोरेन को चैंपियन ऑफ चेंज अवॉर्ड 2019 से किया गया सम्मानित

रांची/नई दिल्ली। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बरहेट और दुमका विधानसभा क्षेत्र में एक जनप्रतिनिधि के रूप में बेहतर और अनुकरणीय कार्य करने के लिए चैंपियन ऑफ चेंज अवॉर्ड- 2019 से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में सोमवार को पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने उन्हें यह अवॉर्ड दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा - यह अवार्ड झारखंड की जनता का सम्मान

दिल्ली जाने से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को कहा कि यह मेरा सौभाग्य है, झारखंड की सवा तीन करोड़ लोगों ने जो सम्मान दिया है, उसकी आवाज दूर तक जा रही है। चैंपियन ऑफ चेंज अवार्ड मुझे नहीं, बल्कि राज्य की जनता को मिल रहा है। यह पुरस्कार मेरे लिए नहीं, राज्य के लोगों के लिए है। भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के हाथों अवार्ड मिलना सम्मान की बात है। मैं उनके प्रति आभार प्रकट करता हूं। ये बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने आवास पर संवाददाताओं से बातचीत में कही।

आइएफआइइ की ओर से मिला अवार्ड

यह अवॉर्ड इंटरेक्टिव फोरम ऑन इंडियन इकॉनोमी (आइएफआइइ) संस्था की ओर से दिया जाता है। यह संस्था दिल्ली से अंग्रेजी व हिन्दी में पावर कॉरिडोर के नाम से मासिक पत्रिका प्रकाशित करती है। साथ ही पंचायती टाइम्स के नाम से एक डिजिटल पोर्टल का प्रकाशन भी करती है।

पूर्व चीफ जस्टिस की ज्यूरी ने लिया निर्णय

हेमंत सोरेन ने हाल ही में बरहेट और दुमका दोनों ही सीट से विधानसभा चुनाव जीता है। हालांकि उन्होंने दुमका सीट को छोड़ दिया है। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश सह पूर्व अध्यक्ष एनएचआरसी जस्टिस के. जी बालकृष्णन और सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश जस्टिस ज्ञान सुधा मिश्रा की ज्यूरी द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नाम चैंपियन ऑफ चेंज अवॉर्ड-2019 के लिए चयनित किया गया था।

निर्भया केस : दोषी पवन गुप्ता के नाबालिग होने के दावे को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने निर्भया केस में दोषी ठहराए गए पवन गुप्ता की नाबालिग होने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। आपको बता दें कि पवन ने याचिका दाखिल कर कहा था कि वह अपराध के वक्त नाबालिग था। कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए साफ कहा कि अगर आप इस तरह अर्जी दाखिल करते रहेंगे तो यह अंतहीन प्रक्रिया हो जाएगी।

जजों की बेंच ने पवन की याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला दोपहर ढाई बजे तक के लिए सुरक्षित कर लिया था। पवन ने सुप्रीम कोर्ट को दी अर्जी में कहा कि वह दिल्ली हाई कोर्ट को भी यह बता चुका है, लेकिन हाई कोर्ट ने इस तथ्य को नजरअंदाज कर दिया। दिल्ली हाई कोर्ट ने 19 दिसंबर 2019 की सुनवाई में इस दलील को खारिज करते हुए पवन के वकील पर 25 हजार का जुर्माना भी लगाया था।

पवन के वकील ने यह रखी दलील

मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता पवन गुप्ता की ओर से उनके वकील एपी सिंह ने दलील दी थी कि दिसंबर 2012 में जब इस अपराध को अंजाम दिया गया था तब पवन गुप्ता नाबालिग था और उसकी दलील को हाई कोर्ट ने गलत तरीके से नकार दिया था। पवन गुप्ता की ओर से निचली अदालत में यह दलील पेश नहीं की जा सकी थी। तब वह वकील नहीं थे। इस मामले में संबंधित अथॉरिटी को कहा जाए कि पवन को फांसी न दी जाए।

कोर्ट के तीखे सवाल

मामले की सुनवाई के दौरान पवन के वकील ने कहा कि पवन की जन्मतीथि 8 अक्टूबर 1996 है और इस तरह दिसंबर 2012 को जब अपराध हुआ था तब वह नाबालिग था। इसके लिए स्कूल का सर्टिफिकेट पेश किया गया और कहा गया कि ये दस्तावेज नए फैक्ट हैं। लेकिन जस्टिस आर. भानुमति ने सवाल किया कि ये दस्तावेज 2017 का है और कोर्ट तब तक सजा दे चुकी थी। एपी सिंह ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने जानबूझकर इस दस्तावेज को रेकॉर्ड पर नहीं रखा और ये साजिश हुई है। अदालत ने तब सवाल किया कि लेकिन रिव्यू पिटिशन पर सुनवाई के दौरान भी आपने यही सवाल उठाया था और फिर सवाल उठा रहे हैं।

मुजफ्फरपुर शेल्टर होम केस : अदालत ने बृजेश ठाकुर को दोषी ठहराया

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने मुजफ्फरपुर आश्रय गृह मामले में बृजेश ठाकुर और 18 अन्य को कई लड़कियों के यौन एवं शारीरिक उत्पीड़न का दोषी करार दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सौरभ कुलश्रेष्ठ ने ठाकुर को पोक्सो कानून के तहत गंभीर यौन उत्पीड़न और सामूहिक बलात्कार का दोषी ठहराया। अदालत ने मामले के आरोपियों में से एक को आरोपमुक्त कर दिया।

आश्रय गृह ठाकुर द्वारा चलाया जा रहा था। गौरतलब है कि ठाकुर ने 2000 में मुजफ्फरपुर के कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र से बिहार पीपुल्स पार्टी (बीपीपा) के टिकट पर चुनाव लड़ा था और हार गया था। आरोपियों

एनआईए कर रही है देविंदर सिंह के बांग्लादेश कनेक्शन की जांच : डीजीपी

श्रीनगर। हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकवादियों को पनाह देने वाले जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी देविंदर सिंह के बांग्लादेश कनेक्शन की जांच हो रही है। सोमवार को यह जानकारी जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने दी। हाल ही में खुलासा हुआ था कि देविंदर सिंह साल 2019

है क्योंकि आमतौर पर भारतीय अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए बांग्लादेश नहीं भेजते हैं। फिलहाल, जांच इस बात पर भी हो रही है कि देविंदर अपनी बेटियों की पढ़ाई के सिलसिले में बांग्लादेश गया या फिर आईएसआई लिंक से मुलाकात करने।

पूरे देश में एक जून तक लागू हो जाएगा एक राष्ट्र एक राशन कार्ड : रामविलास

पटना। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री रामविलास पासवान ने सोमवार को बताया कि एक राष्ट्र एक राशन कार्ड